अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110 608

प्रवेश सूचना सं. 1/2011

एम्स - एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम, अगस्त 2011 के लिए प्रवेश परीक्षा

1 अगस्त, 2011 से प्रारम्भ होने वाली **एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम** में प्रवेश के लिए निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **प्रवेश परीक्षा का आयोजन 01.06.2011 (बुधवार) को किया जायेगा।**

पात्रता मानदंड : (i) ऐसे उम्मीदवार आवेदन करने के लिये योग्य होंगे जिन्होंने भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान तथा अंग्रेजी में कुल योग में कम से कम 60% अंक (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति के उम्मीद्वारों के मामले में 50%) अर्जित करते हुए भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान तथा अंग्रेजी के साथ 10+2 परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत बारहवीं कक्षा अथवा किसी समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हों अथवा जिनकी कक्षा XII की परीक्षा के परिणाम 7 जुलाई, 2011 तक घोषित होने की संभावना हो। **(ii)** उम्मीदवारों की आयु 31 दिसम्बर, 2011 को **17 (सत्रह)** वर्ष पूरी हो जानी चाहियें।

विवरणिका-सह-आवेदन प्रपत्र जिसका मूल्य रु. **1000/- (अ.जा/अ.ज.जा. के उम्मीदवार के मामले में रु. 800/-) है,** जिसमें परीक्षा शुल्क शामिल है, निम्नलिखित प्रक्रिया द्वारा प्राप्त किये जा सकते है :

(क) **ऑन-लाइन आवेदन :** कोई भी उम्मीदवार इन्टरनेट के माध्यम से **ऑन-लाइन** आवेदन जमा करा सकते हैं। इसके लिये वे **www.aiimsexams.org** पर जाएं, विवरणिका हैल्प मैन्युअल तथा अन्य विवरण सावधानी पूर्वक पढ़ें तथा उसमें दिये गये निर्देशों का पालन करें। उम्मीदवार भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में चालान फॉर्म के माध्यम से (ऑन लाइन आवेदन करते समय इन्टरनैट से डाउनलोड किये गये) आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। ट्रांजेक्शन प्रॉसेसिंग शुल्क (जो भी लागू हो) का भुगतान बैंक को आवेदक द्वारा किया जायेगा। **अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि वे एम्स की चालान प्रति परीक्षा केन्द्र पर 01.06.2011 को प्रवेश पत्र के साथ लेकर आएँ अन्यथा उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उक्त चालान प्रति को निरीक्षक (Invigilator) को परीक्षा के दौरान जमा करना होगा।**

(ख) **ऑफ-लाइन :** विवरणिका –सह–आवेदन प्रपत्र ''**लेखा अधिकारी (परीक्षा), एम्स - एम.बी.बी.एस.- 2011''** के पक्ष में देय सामान्य / अ.पि.व. के लिये रु. **1050/- तथा अ.जा/ अ.ज.जा. की श्रेणी के लिए रु. 850/- के** रेखांकित बैंक ड्राफ्ट भेजकर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा भी प्राप्त किये जा सकते हैं। यह बैंक ड्राफ्ट नई दिल्ली में भुगतान योग्य होना चाहिये तथा छः माह (जुलाई / अगस्त, 2011) तक विधिमान्य होना चाहिये। **यह प्रार्थना 10.03.2011 को अथवा उससे पूर्व सहायक परीक्षा नियंत्रक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, अंसारी नगर, नई दिल्ली-110 608** के पास पहुंच जाना चाहिए। पिन कोड के साथ आवेदन वाले लिफाफे के ऊपर बडे अक्षरों में उस पते का स्पष्ट रुप से उल्लेख करें जिस पर आवेदन प्रपत्र वांछित हो, ओवदन वाले लिफाफे के ऊपर **''एम्स एम.बी.बी.एस. प्रवेश परीक्षा 2011 के लिये आवेदन प्रपत्र हेतु प्रार्थना पत्र''** का उल्लेख करें तथा साथ ही प्रार्थना पत्र के शीर्ष पर भी इसका उल्लेख करें। अवैध अथवा अपूर्ण पते के कारण आवेदन प्रपत्र में विलम्ब / उसके प्राप्त नहीं होने के लिये एम्स उत्तरदायी नहीं होगा। विवरणिका ऊपर निर्दिष्ट रुप में **''लेखा अधिकारी (परीक्षा), एम्स - एमबीबीएस - 2011'' के पक्ष में देय सामान्य / अ.पि.व. के लिये रु. 1000/- तथा अ.जा/ अ.ज.जा. की श्रेणी के लिए रु. 800/-** के बैंक डाफ्ट को जमा कर परीक्षा शाखा, एम्स के स्वागत काउंटर से व्यक्तिगत रुप से भी प्राप्त की जा सकती है।

एनबी: डाक द्वारा/काउन्टर पर बिक्री के लिये इंडियन पोस्टल ऑर्डर्स, मनी ऑर्डर्स, चेक अथवा नगद स्वीकार्य नहीं होंगे।

महत्वपूर्ण तिथियाँ	
1. www.aiimsexams.org पर आवेदन का ऑन-लाइन पंजीकरण	**15.02.2011 से 15.03.2011 तक**
2. विवरण पुस्तिका एवं आवेदन प्रपत्रों की ऑफ लाइन बिक्री – डाक द्वारा : – व्यक्तिगत रुप से :	**15.02.2011 से 10.03.2011 तक** **15.02.2011 से 15.03.2011 तक**
3. ऑन-लाइन आवेदन के लिये आवेदन की अंतिम तिथि	**15.03.2011 (5.00 बजे सायं तक)**
4. परीक्षा अनुभाग, एम्स में ऑफ लाइन आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि	**15.03.2011 (5.00 बजे सायं तक)**

टिप्पणी : ऑन लाइन आवेदन करने वाले उम्मदवारों को पंजीकरण पर्ची की डॉउनलोड की गयी हार्ड कॉपी एवं एम्स के लिये बनी चालान फॉर्म की काउन्टर पर्ची को भेजने की कोई अवश्यकता नहीं है अपितु अभ्यार्थीगण ऑनलाइन फार्म भरते समय दर्शाए गए निदेर्शों का अक्षरशः पालन करें।

सहायक परीक्षा नियंत्रक

कृपया ध्यान रहे कि अंतिम तिथि के बाद कूरियर अथवा किसी भी अन्य माध्यमों से प्राप्त किये गये ऑफ-लाइन आवेदन को स्वीकार नहीं किया जायेगा चाहे उसकी बूकिंग की तिथि कुछ भी क्यों न हो।

यह प्रवेश सूचना इन्टरनेट पर www.aiims.edu तथा www.aiims.ac.in पर भी उपलब्ध है।

Size : 16cm x 16cm